वर्ष : 21 अंक : 247 www.sandhyahalchalnews.com
P- 3 ▶ लखनऊ स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर,
आवाज आवाम की
सांध्य हलचल
प्रातः संस्करण, हिन्दी दैनिक
लखनऊ, रविवार, 17 अक्टूबर 2021, पृष्ठ : 8 मूल्य : 2.00 रुपया

सीएसए में मना महिला कृषक दिवस

सांध्य हलचल ब्यूरो

कानपुर । सीएसए कुलपति डॉ डीण्आरण् सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित 13 जनपदों; कानपुर नगरए फ्तेहपुरए कन्नौजए इटावाए फिरोजाबादए मैनपुरीए हाथरसए अलीगढ़ए लखीमपुर खीरीए रायबरेलीए हरदोईए फर्रुखाबाद एवं कासगंज द्ध कृषि विज्ञान केंद्रों में आज महिला किसान दिवस धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि महिला कृषक दिवस के अवसर पर सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रों पर 980 के करीब खेतीवाड़ी से जुड़ी कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कृषि कार्यों को बढ़ावा देने और कृषि कार्य करने वाली महिलाओं को प्रत्येक केंद्रों पर प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कुलपति ने कहा कि हमारे देश में सदियों से महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेती.बाड़ी का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में अब भी सबसे ज्यादा महिलाएं ही पशुपालन का कार्य कर पुरुषों को सहयोग कर और घर की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में लगी हैं। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं इन योजनाओं के बारे में कृषक महिलाओं को कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों द्वारा जागरूक किया जा रहा है कुलपति ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अक्सर घर और आसपास खाली पड़ी जगह में सब्जियां उगा लेती हैं।अब वे इन्हीं सब्जियों को जैविक तरीके से तैयार कर रही हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को बीमारियों से मुक्ति दिलाई जा सके। धीरे.धीरे महिलाएं जैविक खेती के दायरे को बढ़ाते हुए सफल और आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी कृषक बनने की ओर कदम बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्षध् वरिष्ठ वैज्ञानिकए वैज्ञानिक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

वर्ष 15 अंक 284 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, रविवार 17 अक्टूबर 2021
RNI N.UPHIN/2007/27090
दैनिक नगर छाया
आप की आवाज.....
www.nagarchhaya.com पेज-8

सीएसए कृषि विज्ञान केंद्रों में मनाया महिला किसान दिवस

कानपुर (नगर छाया समाचार)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ डी.आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित 13 जनपदों(कानपुर नगर, फतेहपुर, कन्नौज, इटावा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, फर्रुखाबाद एवं कासगंज) कृषि विज्ञान केंद्रों में आज महिला किसान दिवस धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि महिला कृषक दिवस के अवसर पर सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रों पर 980 के करीब खेतीवाड़ी से जुड़ी कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कृषि कार्यों को बढ़ावा देने और कृषि कार्य करने वाली महिलाओं को प्रत्येक केंद्रों पर प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कुलपति ने कहा कि हमारे देश में सदियों से महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेती-बाड़ी का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में अब भी सबसे ज्यादा महिलाएं ही पशुपालन का कार्य कर पुरुषों को सहयोग कर और घर की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में लगी हैं। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं इन योजनाओं के बारे में कृषक महिलाओं को कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों द्वारा जागरूक किया जा रहा है कुलपति ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अक्सर घर और आसपास खाली पड़ी जगह में सब्जियां उगा लेती हैं।अब वे इन्हीं सब्जियों को जैविक तरीके से तैयार कर रही हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को बीमारियों से मुक्ति दिलाई जा सके। धीरे-धीरे महिलाएं जैविक खेती के दायरे को बढ़ाते हुए सफल और आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी कृषक बनने की ओर कदम बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष/ वरिष्ठ वैज्ञानिक, वैज्ञानिक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

Sign in to edit and save changes to this file.

www.facebook.com/worldkhabarexpress www.twitter.com/worldkhabarexpress www.youtube.com/worldkhabarexpress
WORLD खबर EXPRESS
शनिवार, 16-10-2021 अंक-378
www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com
WORLD खबर एक्सप्रेस
MID DAY E-PAPER

भूख एवं कुपोषण के प्रति जागरुकता के लिए मनाया गया खाद्य दिवस

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बताया कि विवि के अधीन संचालित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर शनिवार को विश्व खाद्य दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष खाद्य दिवस की थीम है स्वस्थ कल के लिए आज का सुरक्षित भोजन है। उन्होंने कहा कि 150 से अधिक देशों में हर वर्ष विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। खाद्य सुरक्षा में यह तय किया जाता है कि खाद्य पदार्थों को खाने से पहले उसमें उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, वितरण तक हरचरण लोगों की सेहत के लिहाज से सुरक्षित हो। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के भूख एवं कुपोषण से पीड़ित लोगों की दशा के प्रति जागरुकता बढ़ाना और कुपोषण से निपटना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। विश्व खाद्य दिवस सर्वप्रथम 16 अक्टूबर 1981 को मनाया गया था। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दूषित या बैक्टीरिया युक्त खाद्य पदार्थ से हर साल 10 में एक व्यक्ति बीमार होता है। विश्व में बीमारों का यह आंकड़ा लगभग 60 करोड़ पार है, जिसमें से 30 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
जी-23 को सोनिया गांधी की नसीहत... 12 वाराणसी में 25 अक्टूबर को आयेंगे प्रधानमंत्री...
जन एक्सप्रेस
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

कृषि विज्ञान केंद्रों मे महिला किसान दिवस मनाया गया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित 13 जनपदों के कृषि विज्ञान केंद्रों मे शनिवार को महिला किसान दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी केंद्रों पर लगभग 980 खेतीवाड़ी से जुड़ी कृषक महिलाओं ने भाग लिया। यह बात सीएसएयू के कुलपति डॉ.डी.आर.सिंह ने बताते हुए कहा कि हमारे देश में सदियों से महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेती-बाड़ी व पशुपालन का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है जिनके बारे में कृषक महिलाओं को कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम में कृषि कार्य करने वाली महिलाओं को प्रत्येक केंद्रों पर प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष, वरिष्ठ वैज्ञानिक और अन्य लोग मौजूद रहे।